जनपद हमीरपुर

थाना मुस्करा | दिनांक 12.09.2026

**थाना मुस्करा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 155/2026 धारा 103(1) BNS से सम्बन्धित हत्या का वांछित अभियुक्त घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल के साथ, गिरफ्तारी के सम्बन्ध में।**

**घटना का विवरण**




अवगत कराना है कि दिनांक 11.09.2026 को समय करीब 03:00 बजे थाना मुस्करा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बिहूनी खुर्द में ठाकुरदास पुत्र कसिया अहिरवार, उम्र करीब 65 वर्ष की धारदार हथियार से हमला कर हत्या किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल थाना मुस्करा पुलिस, फील्ड यूनिट एवं डॉग स्क्वायड टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया गया। फील्ड यूनिट टीम द्वारा आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए हैं। थाना मुस्करा पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा/पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई। वादी इंदल पुत्र स्व0 ठाकुरदास निवासी ग्राम बिहुनी खुर्द, थाना मुस्करा से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मुस्करा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 155/2026 धारा 103(1) BNS बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आया कि मृतक के पुत्र नरेश के द्वारा घरेलू विवाद के कारण घटना कारित की गई। जिसमें मृतक के पुत्र का नाम प्रकाश में आया।

**पुलिस कार्यवाही-**

आज दिनांक 12.09.2026 को थाना मुस्करा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त नरेश पुत्र स्व0 ठाकुरदास (उम्र करीब 28 वर्ष) निवासी ग्राम बिहुनी खुर्द थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर को गुन्देला नहर पुलिया बहद ग्राम बिहुनी खुर्द के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद ईट एवं एक अदद ब्लेड बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 238 BNS की बढ़ोत्तरी की गई है। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

नरेश पुत्र स्व0 ठाकुरदास (उम्र करीब 28 वर्ष) निवासी ग्राम बिहुनी खुर्द थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर।

**गिरफ्तारी का स्थान-**

गुन्देला नहर पुलिया बहद ग्राम बिहुनी खुर्द के पास थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर।

**बरामदगी का विवरण-**

घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद ईट एवं एक अदद ब्लेड

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

1. निरी0 योगेन्द्र प्रताप सिंह (प्र0निरी0 थाना मुस्करा)
2. उ0नि0 सुधीर कुमार
3. उ0नि0 राजीव कुमार साहू
4. का0 नरेन्द्र सिंह
5. का0 डेगराज